
# मोदी के कार्यकाल में भारत का कद बढ़ा

- अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत एक ताकतवर देश :राजनाथ

**नई दिल्ली, 05 जून. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के 12 साल के कार्यकाल की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया भी इस चीज को मानती है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा. वह अब कमजोर नहीं बल्कि ताकतवर भारत बन गया है.**

लखनऊ में मीडिया से बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर निश्चित रूप से एक रिकॉर्ड बनाया है. इससे पहले भी, वे कई वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और लगभग 13 साल तक सेवा की. अब 12 साल से प्रधानमंत्री के तौर पर देश की सेवा कर रहे हैं. मेरा मानना ??है कि उनके



कार्यकाल के दौरान अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का कद काफी बढ़ा है और यह बात केवल उनके मंत्रिमंडल के सदस्य के तौर पर नहीं कह रहा हूं, सारी दुनिया इसको मानती है कि भारत कमजोर नहीं, ताकतवर बन गया है।10 जून को पीएम मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनने पर पश्चिम बंगाल मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि दुनिया में पीएम नरेंद्र मोदी जैसा कोई नहीं है. यह रिकॉर्ड अपने आप बन जाएगा. जनता को उनका आशीर्वाद मिला है और जिस तरह से वह काम कर रहे हैं, भविष्य में कई और रिकॉर्ड बनेंगे।वहीं, भाजपा सांसद मनन मिश्रा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री को तो एक के बाद एक रिकॉर्ड बनाने हैं. 10 जून को जो हो रहा है, वह तो एक छोटी सी बात है. हमारे प्रधानमंत्री पहले ही कई रिकॉर्ड बना चुके हैं और भविष्य में भी कई और रिकॉर्ड बनाएंगे।

### 10 जून को रिकॉर्ड बनाएंगे प्रधानमंत्री मोदी :शाहनवाज



भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि देश खुशकिस्मत है कि भारत माता ने ऐसे बेटे को जन्म दिया है, जिनका नाम नरेंद्र दामोदरदास मोदी है और जिन्होंने इतिहास रचा है. उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के सबसे लंबे समय तक चुने हुए प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. यह रिकॉर्ड 10 तारीख को टूटेगा. वे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे और उम्मीद है कि वे सभी रिकॉर्ड तोड़ देंगे. पीएम नरेंद्र मोदी 2029 और 2034 में भी जीतेंगे और लंबे समय तक देश की सेवा करते रहेंगे, क्योंकि उनके लिए देश ही सब कुछ है. पीएम मोदी के लिए देश ही सब कुछ है.

## जेईई उम्मीदवारों के डेटा लीक की खबरें भ्रामक

**नई दिल्ली.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर और मद्रास ने जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों के डेटा लीक होने की खबरों को पूरी तरह से गलत और अफवाह बताया है. संस्थानों का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही बातें सच से कोसों दूर हैं और परीक्षा प्रणाली को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. संस्थानों ने सोशल मीडिया मंच पर शुक्रवार को साझा किये गये एक पोस्ट में साफ किया कि दो जून को छात्रों को प्रवेश पत्र निकालने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए कुछ तकनीकी बदलाव किए गए थे. इस दौरान कंप्यूटर सिस्टम के क्लाउड स्टोरेज में एक छोटी सी तकनीकी गड़बड़ी हो गई. इस कमी को एक कंप्यूटर कमियां सुधारने वाले विशेषज्ञ रायलेन अनिल ने पकड़ा और संस्थान को बताया कि वे इस डेटा को देख पा रहे हैं.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम योगी ने अपने आवास पर लगाया पौधा

- पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी : आदित्यनाथ योगी



**नई दिल्ली, 05 जून. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा लगाकर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं.**

उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी, प्रकृति बचेगी तो जीव सृष्टि भी बचेगी, इसलिए हर नागरिक मातृभूमि के प्रति ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने पर्यावरण व प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए 9 वर्ष में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. 2017 में शासन संभालते ही डबल इंजन सरकार ने वन महोत्सव के अवसर पर 5 करोड़ पौधरोपण कार्यक्रम को अपने हाथों में लिया था. उस समय हमारे सामने तमाम चुनौतियां थीं. न नर्सरी थी और न ही इतने बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए अनुभव था, लेकिन वन एवं अन्य विभागों ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।सीएम योगी ने कहा कि 9 वर्ष के अंदर प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया, जिससे प्रदेश का फॉरेस्ट कवर भी बढ़ा. पीएम मोदी ने प्रकृति व मातृभूमि के प्रति दायित्वों का निर्वहन करते हुए कृतज्ञता स्वरूप तीन वर्ष पहले 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था. इस अभियान के क्रम में आज पौधरोपण महाभियान प्रारंभ होने जा रहा है।

# देवबंद से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार मोहाली ब्लास्ट से निकला कनेक्शन

### यूपी एटीएस और पंजाब पुलिस ने मोहतशिम को लिया हिरासत में

**बचीटी गांव से हिरासत में लेकर पुलिस ने की पूछताछ**

**सहारनपुर, 05 जून. यूपी एटीएस और पंजाब पुलिस की टीम ने गुरुवार देर रात देवबंद के बचीटी गांव में मोहतशिम को हिरासत में लिया. मोहतशिम बचीटी गांव के प्रधान मोमिन त्यागी के छोटे भाई हैं.**

पुलिस के मुताबिक, उनका नाम 2022 में मोहाली में हुए ब्लास्ट और जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध नेटवर्क से जुड़ा है. सूत्रों के अनुसार, पंजाब में कुछ दिन पहले एक व्यक्ति से भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद हुआ था. पूछताछ के बाद इस मामले के तार मोहाली ब्लास्ट से जुड़े पाए गए. जांच के दौरान यूपी एटीएस और पंजाब एसटीएफ की संयुक्त टीम बचीटी गांव पहुंची और मोहतशिम को हिरासत में ले गई। पुलिस ने मोहतशिम के पास से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए हैं. बताया गया है कि उसके फोन नंबर के माध्यम से जैश-ए-मोहम्मद का प्रचार किया जा रहा था. वॉट्सएप अकाउंट से जुड़े ओटीपी पाकिस्तान में बैठे संदिग्ध हैंडलरों को उपलब्ध कराए गए थे।बचीटी गांव के प्रधान मोमिन त्यागी ने बताया कि देर रात उन्हें एटीएस और पंजाब पुलिस की टीम ने फोन किया और भाई को अपने साथ ले जाने के लिए कहा. पुलिस ने केवल इतना बताया कि पंजाब में किसी मामले को लेकर उनसे पूछताछ करनी है. फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां मामले में किसी भी तरह की जानकारी साझा नहीं कर रही हैं.

# दिल्ली पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 34 अफसर बदले

- दिल्ली पुलिस की नई टीम हो रही तैयार
- कई जिलों को मिले नए मुखिया

**नई दिल्ली, 5 जून. दिल्ली पुलिस में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 34 आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं.**

पुलिस स्थापना बोर्ड की सिफारिशों पर किए गए इस बदलाव का उद्देश्य राजधानी में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाना तथा विभिन्न इकाइयों के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाना है.फेरबदल के तहत पश्चिमी जिले के डीसीपी शरद भास्कर दराडे को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है.उनकी जगह वी. हरेश्वर स्वामी को पश्चिमी जिले की कमान सौंपी गई है. ट्रैफिक पुलिस में भी अहम बदलाव करते हुए जिमी चिराम को डीसीपी ट्रैफिक नियुक्त किया गया है. साथ ही उन्हें स्पूनर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. वहीं राहूल अलवाल को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से हटाकर उत्तर-पूर्वी जिले में तैनात किया गया है।बाहरी उत्तरी जिले की जिम्मेदारी शोभित डी. सक्सेना को सौंपी गई है, जबकि उत्तर जिले में निहारिका भट्ट को अतिरिक्त डीसीपी-1 बनाया गया है. नेहा यादव को पीएमएमसी के साथ स्पूवाक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

## देश के कई हिस्सों में भारी बारिश के अनुमान

**नई दिल्ली.** मौसम विभाग ने शुक्रवार को अनुमान जताया कि अगले सात दिनों में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर हिस्सों में भारी से भारी बारिश (सात से 20 सेमी) हो सकती है. विभाग के विस्तृत बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून अपनी सामान्य गति से आगे बढ़ते हुए आज अरब सागर के मध्य हिस्सों, गोवा, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ और इलाकों के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में प्रवेश कर गया है. अगले दो से तीन दिनों के भीतर इसके महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और उत्तर-पूर्वी राज्यों के शेष हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं. अगले सात दिनों के दौरान केरल, माहे और कर्नाटक में भारी बारिश होने का अनुमान है.

# जेलेंस्की बातचीत के लिए कभी भी रुस आ सकते हैं : पेस्कोव

**मॉस्को/कीव, 05 जून.रुस ने कहा है कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे कभी भी यहां आ सकते हैं. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस आशय की घोषणा की है.**

श्री जेलेंस्की ने गुरुवार को एक पत्र जारी करके शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक का प्रस्ताव रखा, जिसमें यूरोप और अमेरिका भी शामिल हों. श्री जेलेंस्की ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन हमारे और आपके बीच सीधी बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने का प्रस्ताव देता है. मैं एक बैठक का प्रस्ताव रख रहा हूं. श्री ज़ेलेंस्की ने बैठक के लिए एक स्पष्ट तारीख तय करने की भी मांग की और कहा कि बातचीत के दौरान पूरी तरह से युद्धविराम के लिए यूक्रेन तैयार है. उन्होंने बताया कि स्विट्जरलैंड, तुर्की और कुछ अरब देशों ने ऐसी बातचीत की मेज़बानी करने की इच्छा जताई है।श्री पेस्कोव ने कहा कि क्रेमलिन ने पत्र की समीक्षा कर ली है और अपनी कामकाजी बैठक के बाद श्री पुतिन को इसकी जानकारी देगा. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि अगर ज़ेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे मॉस्को आकर ऐसा कर सकते हैं. प्रवक्ता ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में अमेरिका की कोशिशों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि रूस ने कभी भी अमेरिका की भूमिका को आदर्श नहीं माना है.

### एक नजर में

## टेम्पो-ट्रैवलर टिप्पर से टकराने से दो की मौत



**बटाला, 05 जून.** पंजाब में अमृतसर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर बटाला के निकट शुक्रवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में मां वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक टेम्पो ट्रैवलर टिप्पर से टकरा गयी।हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गयी, जबकि 14 लोग घायल हो गयेइनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही हैप्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब छह बजे उधोवाल अड्डे के पास हुआ. बताया जा रहा है कि राजमार्ग पर आगे चल रहा एक टिप्पर अचानक मुख्य सड़क से स्लिप रोड की ओर मुड़ गया. इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेम्पो ट्रैवलर टिप्पर के पिछले हिस्से से जा टकराई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रैवलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गये।हादसे का शिकार हुए सभी श्रद्धालु पंजाब के मानसा क्षेत्र के निवासी हैं. वे एक टूर पैकेज के तहत पहले श्रीनगर गये थे और उसके बाद कटरा में दो दिन बिताने के बाद गुरुवार रात करीब 10 बजे वापसी के लिए रवाना हुए थे. यात्रियों को अमृतसर में ठहराव के बाद बठिंडा जिले के तलवंडी साबो पहुंचना था. हादसे की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस और सड़क सुरक्षा बल (एसएसएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गईं. राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी यात्रियों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया और सिविल अस्पताल बटाला पहुंचाया गया।अस्पताल सूत्रों के अनुसार एक यात्री की मौत घटनास्थल पर ही हो गई.

## कॉकरोच जनता पार्टी का दिल्ली में आज प्रदर्शन

**नई दिल्ली.** कॉकरोच जनता पार्टी एक बार फिर सुर्खियों में है, क्योंकि इसके संस्थापक अभिजीत दिपके के भारत लौटने और दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पहले जहां समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर जुटने की अपील की गई थी, वहीं अब अभिजीत दिपके ने यू-टर्न लेते हुए लोगों से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने को कहा है. 4 जून की रात जारी वीडियो संदेश में उन्होंने स्पष्ट किया कि अत्यधिक भीड़ जुटने की आशंका को देखते हुए उन्होंने प्रदर्शन स्थल बदलने का निर्णय लिया है. जिम्मेदारी के साथ आंदोलन करना जरूरी है ताकि आम जनता और सुरक्षा व्यवस्था को कोई परेशानी न हो। पार्टी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 जून को प्रदर्शन की घोषणा की है। दिल्ली पुलिस की ओर से अब तक प्रदर्शन की अनुमति पर स्पष्ट बयान नहीं आया है.

# आईआरजीसी-कुवैत हमला अमेरिकी मिसाइल खराबी से हुआ

### ईरानी अर्धसैनिक बल का दावा, अमेरिकी सेना ने किया खारिज

**तेहरान, 5 जून. ईरान की धार्मिक अर्धसैनिक इकाई आईआरजीसी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में उनकी कोई भूमिका नहीं थी.**

आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मोहेबी ने कहा कि घटना अमेरिकी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली की खराबी के कारण हुई. उनके अनुसार, यह प्रणाली ईरानी मिसाइलों को रोकने में विफल रही, जिसके परिणामस्वरूप मिसाइल कथित तौर पर हवाई अड्डे पर गिर गई या गलत दिशा में चली गई।इस घटना में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए. आईआरजीसी ने जोर देकर कहा कि उन्होंने हवाई अड्डे पर कोई मिसाइल नहीं दागी थी. अमेरिकी सेंटकॉम ने आईआरजीसी के दावे को पूरी तरह खारिज किया और कहा कि ईरान ने जानबूझकर, सोची-समझी कार्रवाई की.

## अमेरिकी सीनेट ने डीएचएस का लंबित बजट मंजूर किया

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी संसद के उच्च सदन (सीनेट) ने रात भर चली बहस के बाद गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की प्रवास नियंत्रण एजेंसियों के लिए लंबे समय से रुके धन आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. सांसदों ने शुक्रवार सुबह एक मामूली अंतर (52 के मुकाबले 47 मतों) से लगभग 70 अरब डॉलर के इस प्रस्ताव को पारित कर दिया. इससे सीमा सुरक्षा और प्रवास नियंत्रण विभाग (आईसीई) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शेष कार्यकाल के लिए जरूरी बजट मिल गया है.

# भारत-नेपाल वार्ता में मुद्दों पर होगी खुली चर्चा

- विदेश मंत्रियों की बैठक पर टिकीं दोनों देशों की नजरें
- नेपाल के विदेश मंत्री की यात्रा से बढ़ेंगी उम्मीदें

**नई दिल्ली ,05 जून. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत यात्रा पर आये नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल की विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता में विकास के क्षेत्र में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंधों और व्यापार तथा निवेश के साथ-साथ अन्य सभी मुद्दों पर बात होगी.**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां सवालों के जवाब में कहा कि नेपाल के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर आये हैं और उनकी विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी. उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत के व्यापक मुद्दे हैं जैसे विकास में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार तथा निवेश आदि. उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात में इन सभी विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक है। प्रवक्ता से विदेश मंत्री की भारत यात्रा के एजेन्डे के साथ साथ यह पूछा गया था कि क्या भारत नेपाल के प्रधानमंत्री के सीमा विवाद पर दिये गये बयान के मुद्दे को भी उठायेगा. इस बारे में भारी अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुका है.

### आज का इतिहास

1748 - पटियाला रियासत के महाराजा महाराजा अमर सिंह का जन्म.

1916- अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट का अधिकार दिया गया.

1919 - फिनलैंड ने बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

1930 - हिन्दी फ़िल्म अभिनेता सुनील दत्त का जन्म.

1967 - इजरायली सेना ने गाजा पर कब्जा किया.

1968 - दिल्ली के सातवें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्म हुआ.

# खान सर पर एफआईआर

- वायरल वीडियो के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई
- गार्ड की फायरिंग वीडियो के बाद दो गिरफ्तार

**पटना, 5 जून. पटना में कोचिंग संस्थानों के बीच चल रहे विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। वायरल फायरिंग वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान उर्फ खान सर के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है.**



यह कार्रवाई कदमकुआं थाने में दर्ज केस और तकनीकी जांच के आधार पर की गई है. मामले की शुरुआत 27 मई को बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा के रिजल्ट के बाद हुई, जब दोनों कोचिंग संस्थानों ने अपने-अपने छात्रों की सफलता का दावा किया. इसके बाद पोस्टर, बैनर और बयानबाजी ने तनाव बढ़ा दिया. आरोप है कि एक संस्थान द्वारा दूसरे के बोर्ड पर बैनर चिपकाने के बाद स्थिति और बिगड़ गई। 2 और 3 जून की रात को विवाद हिंसक हो गया.

## सेना की चौकी पर हमले का वायरल वीडियो फर्जी

**नई दिल्ली.** सशस्त्र बलों ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में किये जा रहे उस दावे को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि मणिपुर में कुकी गुरिल्ला ने सेना की एक चौकी पर हमला किया है जिसमें कई सैनिक मारे और घायल हुए हैं. सशस्त्र बलों ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह दावा गलत है और इस वीडियो का उद्देश्य जातीय तनाव भड़काना है. वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि सुबह-सुबह कुकी गुरिल्ला ने मणिपुर में भारतीय सेना की एक पोस्ट पर हमला किया, जिसमें कई भारतीय सैनिक मारे गए और घायल हो गए.

# खूबसूरत पर्यटन स्थल को किया जा रहा है बर्बाद : राहुल

**करोड़ों पेड़ काटने पर सरकार पर आरोप**

**नई दिल्ली, 05 जून.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए करीब 1.5 करोड़ पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर इस क्षेत्र की खूबसूरती को बर्बाद




किया जा रहा है. श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा मैं भारत के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट गया. पुराने वृक्षों के बीच चहल कदमी की, समृद्ध समुद्री जीवन और जैव विविधता से भरपूर प्रवाल भित्तियां और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की.

बड़ा ऐलान | स्मार्ट बॉर्डर परियोजना अंतिम चरण में पहुंची

# देश की सीमाएं होंगी और अभेद्य : शाह

**7-8 स्थानों पर शुरू होगा स्मार्ट बॉर्डर पायलट प्रोजेक्ट**

**नई दिल्ली 05 जून. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमाओं की निगरानी के लिए सरकार की स्मार्ट बार्डर अवधारणा का कार्य अंतिम चरण में है और इसका पायलट प्रोजेक्ट जल्द ही शुरू किया जायेगा.**



श्री शाह ने शुक्रवार को त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की लंकामूरा सीमा चौकी का निरीक्षण करने के बाद जवानों के साथ संवाद किया. उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अगरतला में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत अगर पौधे का रोपण किया. सीमाओं पर अनेक प्रकार की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि जहां-जहां सीमा पर बीएसएफ और सशस्त्र सीमा बल तैनात हैं, वहां पर स्मार्ट बॉर्डर का निर्माण किया जायेगा. उन्होंने कहा कि चतुष्कोणीय सुरक्षा रणनीति के तहत, स्थानीय प्रशासन, प्रौद्योगिकी और जवानों के परिश्रम को साथ में लेते हुए सीमाओं को अभेद्य बनाने का लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि स्मार्ट बार्डर की अवधारणा पर चर्चा अंतिम चरण में हैं और इसका पायलट प्रोजेक्ट जल्द ही शुरू किया जायेगा. उन्होंने कहा, हम एक साथ देश की अलग-अलग सीमाओं पर सात या आठ स्थानों पर इस पायलट प्रोजेक्ट को शुरू करेंगे. शुरूआती समस्याएं आएंगी उन्हें दूर करेंगे.

> इस कॉन्सेप्ट में डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट, एसपी, गांव के पटवारी और सरपंच की भी भूमिका होगी. सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय प्रशासन को हम इस कॉन्सेप्ट में समाहित नहीं करते, तब तक हम सीमा को अभेद्य नहीं बना सकते. अगर हम आइसोलेशन में सीमा की सुरक्षा की कल्पना करते हैं वो कभी सफल नहीं हो सकती. श्री शाह ने कहा कि त्रिपुरा फ्रंटियर देश की सीमा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. सीमा पर बाड़ के आधुनिकीकरण के लिए 15 वर्ष से पुरानी लगभग 650 किलोमीटर की बाड़ में से 119 किलोमीटर नई बाड़ को भी मंजूरी दी गयी है. सीमा चौकियों में बिजली आपूर्ति, हरित ऊर्जा पहल, जवानों के लिए सुरक्षित पेयजल आदि परियोजनाओं का काम पूरा हो गया है.

## कोडाइकनाल ने सूर्य से संबंधित जानकारी जुटाई

**नई दिल्ली.** विश्व विख्यात तमिलनाडु स्थित कोडाइकनाल सौर वेधशाला ने यह पता लगाने में मदद की है कि सूर्य पर विशाल संवहन पैटर्न सौर गतिविधि पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, जिससे भविष्य में सौर चक्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है. चूल्हे पर उबलते पानी के बर्तन की तरह, सूर्य के भीतर उत्पन्न ऊर्जा संवहन द्वारा उसकी बाहरी परतों से होकर गुजरती है. संवहनी सेल सौर सतह पर एक नेटवर्क संरचना के रूप में छोटे पैमाने के कणिकाओं और बड़े पैमाने के अतिकणिकाओं के निर्माण का कारण बनते हैं. नेटवर्क सेल का औसत जीवनकाल 24 घंटे है और इनका आकार लगभग 30,000 किमी है. ठंडी अंतरकणीय परतों की चौड़ाई लगभग 6000 किमी है.

मालवीय नगर अग्निकांड

# विदेशी नागरिकों की मौत को लेकर दूतावासों के संपर्क में भारत सरकार

**नई दिल्ली, 05 जून. दिल्ली के मालवीय नगर स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में हुई भीषण आग की घटना में 13 विदेशी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 22 से अधिक विदेशी नागरिक घायल हुए हैं.**

यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने दी. नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एमईए के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने बताया कि मृतकों में चार नागरिक नाइजीरिया, तीन किर्गिस्तान तथा एक-एक नागरिक मोज़ाम्बिक, लाइबेरिया, उज़्बेकिस्तान, बांग्लादेश, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और इराक के हैं।जायसवाल ने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिल्ली अग्निकांड में मरने वालों में 13 विदेशी नागरिक शामिल हैं. हम सभी संबंधित देशों के दूतावासों के संपर्क में हैं और उनकी जरूरतों के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय स्थानीय प्रशासन और अस्पतालों के साथ समन्वय कर आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रियाओं, चिकित्सा सहायता और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहा है. इस घटना में लगभग 22 विदेशी नागरिक घायल भी हुए हैं।इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया था. उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की. गौरतलब है कि बुधवार सुबह दिल्ली के मालवीय नगर स्थित बहुमंजिला लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा था कि मालवीय नगर की अग्नि दुर्घटना में लोगों की मौत अत्यंत दुखद है. सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है.